

शिमला : संजौली महाविद्यालय में आयोजित विदाई समारोह के दौरान नाटी प्रस्तुत करते छात्र

Divya Himachal-City Plus Shimla Page No.I

आकृति मिस व प्रज्ञा बने मिस्टर एक्सीलैंस

शिमला, 30 मार्च (ब्यूरो): सैंटर फॉर एक्सीलैंस संजौली कालेज में शनिवार को अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्रिंसीपल डा. सी.बी. मेहता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए मॉडलिंग राऊंड आयोजित किया गया। 3 राऊंड में कालेज की आकृति शर्मा को मिस और प्रज्ञा ठाकुर को मिस्टर एक्सीलैंस चुना गया, जबकि अतिरिक्त विशिष्ट परिधान के लिए हेमंत रावत व सोनाली ठाकुर को सम्मानित किया गया। वहीं आत्मविश्वास श्रेणी में सुनील चौहान व तरुषी को सर्वश्रेष्ठ चुना गया, गुणवान श्रेणी में सुधांशु ठाकुर व सोनाली जस्ता को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। कालेज के प्रिंसीपल डा. सी.बी. मेहता ने अंतिम वर्ष के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिमला : संजौली महाविद्यालय में आयोजित फेयरवैल पार्टी के दौरान चुने गए मिस्टर व मिस संजौली के विजेता शिक्षकों के साथ संयुक्त चित्र में। (नरेश)

Punjab Kesri -Shimla Kesri Page no. III

संजौली कालेज में आकृति चुनी मिस एक्सीलेंस

नगर संवाददाता-शिमला

राजकीय महाविद्यालय संजौली में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सीबी मैहता मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी छात्रों ने खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में पहाड़ी नाटी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में मिस्टर एक्सीलेंस प्रज्ञा ठाकुर व मिस एक्सीलेंस आकृति शर्मा को चुना गया। इसके अतिरिक्त वशिष्ट परिधान के लिए हेमंत रावत व सोनाली ठाकुर को चुना गया। वहीं आत्मविश्वास श्रेणी में सुनील चौहान व तरुशी को श्रेष्ठ चुना गया। गुणवान श्रेणी में सुधांशु ठाकुर व सोनाली जस्टा को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में 32 छात्रों व 44 छात्राओं सहित 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

Divya Himachal-City Plus Shimla Page No. III

संजौली कॉलेज में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह

संजौली कॉलेज में प्रज्ञा ठाकुर मिस्टर और आकृति को चुना मिस एक्सीलेंस

सिटी रिपोर्टर | शिमला

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली शिमला में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने किन्नौरी नाटी, पहाड़ी नाटी पर धमाल मचाया। इसके अलावा कविताएं समेत एकल गाने की प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने मॉडलिंग के जलवे बिखेरे। इस प्रतियोगिता में 32 छात्रों और 44 छात्राओं यानी 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेकंड राउंड में 24 और थर्ड राउंड में दस छात्र छात्राएं पहुंचे। सभी छात्रों ने अपना टैलेंट दिखाया।

संजौली कॉलेज में विदाई समारोह के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि

इन्हें किया सम्मानित इस मौके पर मिस्टर एक्सीलेंस प्रज्ञा ठाकुर और मिस एक्सीलेंस आकृति शर्मा के सिर ताज सजा। इसके अलावा वशिष्ट परिधान के लिए हेमंत रावत और सोनाली ठाकुर को चुना गया। वहीं आत्मविश्वास श्रेणी में सुनील चौहान और तरुशी को सर्वश्रेष्ठ चुना गया, वहीं गुणवान श्रेणी में सुधांशु ठाकुर और सोनाली जस्ता को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। मुख्यातिथि प्राचार्य सीबी मेहता ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं निर्णायक मंडल में डॉ.राम लाल शर्मा, डॉ.मीनाक्षी शर्मा,डॉ.शिवानी सूद ने भूमिका निभाई। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar-Shimla Bhaskar page No. 4